# 7.1.8 Institutional efforts/ initiatives in providing an inclusive environment



## ***Ek Bharat Shreshta Bharat (2017)***

- Student Participating in Speech Competition
- National unity, diversity of culture, tolerance etc., were some of the topics of speeches the students delivered in the competition.










***Ek Bharat Shreshta Bharat*** 05/08/2017

Cultural program at the affiliating Barkatullah University, Bhopal, gave a good exposure to students who mingled and cooperated with participants from other institutions, thus establishing two-way process of learning and sharing

***Ek Bharat Shrestha Bharat -*** India is a land of diversity and rich colourful culture, which is a testimony of various kinds of people who live here. 14th march to 27th March 2018, Student exchange Program with paired states Manipur and Nagaland. Students performed in Colleges in Dimapur, Kohima, Manipur college, Student from Hamidia deliberated on the art and culture of Madhya Pradesh. The students shared their experience and felt their entire perspective about North-eastern states transformed.

हमीदिया कॉलेज के वार्षिक उत्सव का समापन

## वेशभूषा से स्टूडेंट्स ने दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश



**भोपाल** ◆ हमीदिया कॉलेज में वार्षिक उत्सव का समापन गुरुवार को किया गया। इस दौरान एकल, समूह गायन, रंगोली तथा पारम्परिक परिधान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना पर आधारित परिधान प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स ने कई प्रान्तों के परिधान धारण कर प्रतियोगिता में भाग लिया। साथ ही राष्ट्रीय एकता का परिचय दिया। छात्रों ने रंगोली में कल्पनाशीलता और सृजनात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। जजेस ने स्टूडेंट्स की कला और प्रतिभा को देखकर उन्हें पुरस्कृत किया।

## छात्रों ने समझी पूर्वोत्तर की संस्कृति

**भोपाल, 31 मार्च. एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश के 16 सदस्यीय दल ने 14 मार्च से 27 मार्च तक मणिपुर -नागालैंड में मध्य प्रदेश के चयनित दल की ओर से शैक्षणिक एवं शैक्षणेत्तर युवा आदान- प्रदान कार्यक्रम में प्रतिभागिता की.**



### विद्यार्थियों के साथ प्राध्यापक भी हुए शामिल

प्रतिभागियों ने शासकीय कॉलेज दीमापुर, कोहिमा साइंस एवं कामर्स कॉलेज कोहिमा, मणिपुर कॉलेज, इंफाल कॉलेज, टैस्टो कॉलेज, में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत मध्य प्रदेश का प्रसिद्ध पारंपरिक नृत्य बधाई, गणगौर,राई एवं कहते हैं हमको प्यार से, इंडिया वाले सहित देशभक्ति गानों पर अपनी प्रस्तुति दी, डॉ अशिवना रांगणेकर ने सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा रंग और गुलाल झूमे, गोपी और ग्वाल झूमे, फागुन आयो रे ..गीत प्रस्तुत किया. नेशनल जूलॉजीकल पार्क दीमापुर,मोइरान्ग, कोहिमा वार सेमिट्री, जनजाति संग्रहालय कोहिमा, गोविंदा टेंपल की यात्रा कराई गई. शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के एम. ए हिंदी के छात्र शुभम चौहान ने एक भारत -श्रेष्ठ भारत में कला एवं संस्कृति की भूमिका एवं मध्यप्रदेश का परिचय प्रस्तुत किया. दल का नेतृत्व एमएलबी कॉलेज के हिंदी विभाग के प्रोफेसर सुधीर कुमार शर्मा ने किया.



यह बहुत ही शानदार अनुभव थाा, हमने वहां की सस्कृंति और सभ्यता को जाना, वहां की प्राकृतिक सौन्दर्य देखना बहुत ही अद्‌भूत था . वहां की भाषा बहुत अच्छी है, सीखने का मौका मिला, पूर्वोत्तर राज्यों के लिए जो सोच थी पूरी बदल गई .

–**शुभम चौहान**, छात्र




***Ek Bharat Shreshta Bharat*** 05/08/2017

- Hamidia students taking oath of unity while depicting cultural diversity of India at the cultural programme in Barkatullah University; The program aims to actively enhance interaction between people of diverse cultures

- Hon Governor, Nagaland and Manipur blessed students' group that visited Northeast in Student Exchange Programme. Hamidia college got due representation in the group.





# Report on the study tour under Student Exchange Programme in the Northeast

# March 2018

- Three students from Hamidia College in the group are great motivation for their peers to perform and represent the state at national level. Through this exchange, the knowledge of the language, culture, traditions and practices of Manipur and Nagaland states will lead to an enhanced understanding and bonding between one another, thereby strengthening the unity and integrity of India.



MP State-level **Simultaneous Book Reading Programme,** ***'Padhe Bhopal'***

09/10/2018

Students and teachers participated in mass book reading from 8:30 to 9:15 am to generate interest among younger generation for reading, to divert them from social media





## Basant Panchami, 2019

Festivity and togetherness is the message for the youth. Hamidia exhibited a distinctive sight of yellow colour that symbolically embodied the augmentation of spring season











**Seminar on Gandhian Thoughts in the College Auditorium**

- Lighting of ceremonial lamp
- Philosophy and practices of the Mahatma relevant as they are, motivate and guide young students towards 'service before self' approach




**Seven-Day NSS camp in village Achar Kheda near Bhopal**

**January 2018**

- Theme: Health and Cleanliness
- Students come face to face with ground realities of rural life. They motivate villagers, especially children and youth, to follow personal hygiene and clean their neighbourhood

**‘*Narmada – Kal, Aaj aur Kal*’ Seminar organised by Personality Development Cell, March 2017**

Students benefitted from experts’ views on Narmada river, its significance and importance for all sections and strata of society, Narmada has been at the centre of the culture in MP and revered by all. Students learned about freshwater ecosystems and need for river conservation



# संस्कृति की वाहक है नर्मदा जिसमें अमृत जल बहता है

## ‘नर्मदा कल, आज और कल’ विषय पर व्याख्यान आयोजित

सिटी रिपोर्टर • नर्मदा संस्कृति की वाहक है, संस्कारों की जननी है व यह भारतीय जनमानस में गहरे तक पैठी हुई है। यह न केवल नदी है, बल्कि हम सबकी मां है। ऐसी मां जो अपने करोडों बच्चों को पालती, पोसती है। मुख्य वक्ता के तौर पर यह बात डॉ. सुरेन्द्र बिहारी गोस्वामी (संचालक हिन्दी ग्रन्थ अकादमी) ने कही। वे शासकीय हमीदिया महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना व व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ व्दारा आयोजित व्याख्यान में बोल रहे थे। व्याख्यान का विषय था ‘नर्मदा कल आज और कल’।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा सरपंच भक्ति शर्मा, विशेष अतिथि डॉ. सुरेन्द्र शुक्ला और राहुल सिंह परिहार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पीके जैन व संयोजन शुभम चौहान व गब्बर सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टाफ व इंदिरा गांधी एनएसएस पुरस्कार प्राप्त अतुल सिंह राजावत सहित बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।



पीपुल्स समाचार

भोपाल, गुरुवार 02 मार्च, 2017

# नर्मदा संस्कृति की वाहक है, संस्कारों की जननी है

कार्यक्रम के दौरान नर्मदा नदी की विशेषताएं बताते वक्ता।



18 नवदुनिया भोपाल, गुरुवार 02 मार्च 2017 | लाइव

# जीवनदायिनी नर्मदा नदी में जल नहीं अमृत बहता है

## हमीदिया कॉलेज में नर्मदा पर व्याख्यान का आयोजन

हमीदिया कॉलेज में आयोजित व्याख्यान में युवा सरपंच भक्ति शर्मा अपने विचार व्यक्त करती हुईं।

**भोपाल। नवदुनिया रिपोर्टर**

नर्मदा नदी संस्कृति की वाहक है। संस्कारों की जननी है। यह भारतीय जनमानस में गहराई तक समाई हुई है। यह केवल नदी नहीं है, बल्कि हम सबकी मां है। नर्मदा में जल नहीं, अमृत बहता है। इसके किनारों पर संस्कृति फलती फूलती है।

यह विचार शासकीय हमीदिया कॉलेज में नर्मदा सेवा यात्रा के संदर्भ में ‘नर्मदा कल, आज और कल’ विषय पर आयोजित एक व्याख्यान में विशेषज्ञों व्यक्त किए। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद युवा सरपंच भक्ति शर्मा ने कहा कि नर्मदा मां है, जो करोड़ों बच्चों को पालती पोसती है। खेती की जान है। अमरकंटक से लेकर अरब सागर तक यह धरती की शान है, जो जीवन देने का काम करती है। नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा समन्वयक सुरेन्द्र शुक्ला ने कहा कि नर्मदा को प्रदूषण से बचाने की जरूरत है। इसके अंदर चल रहे अवैध खनन की गतिविधियों को रोककर इसका संरक्षण किया जाना जरूरी है। नर्मदा पुण्यदायिनी नदी है। करोड़ों लोगों की आस्था इससे जुड़ी है। इसलिए इसे प्रदूषण मुक्त बनाना जरूरी हो गया है।

**इस कारण प्रदूषित हो रही नर्मदा:** घरों गांवों तथा शहरों का कचरा, मनुष्य की दूषित जीवन शैली, धर्मिक गतिविधियां, लघु व्यावसायिक खनन गतिविधियों का संचालन और कृषि की आधुनिक पद्धतियां आदि।

**National Research Seminar**
**Nehru: Philosophy and Legacy**
**March 2020**

- Jointly organised by Dept of History and Madhya Pradesh History Council enlightened students on the country's first Prime Minister's approach for and contribution in the development of the newly independent nation



- Officials of Traffic Police Bhopal addressing students on latter’s responsibilities in civil society, especially in urban environment and how they can help the authorities in maintaining order and discipline on the streets
















Cultural programs to celebrate the cultural diversity of India.
Urdu Promotion week, November 2017, 2018

**Sanskrit Week** (19/08/2019) celebrated in Hamidia from August 19 to promote, popularize and cherish the importance of ancient language. The head of the department, Dr H R Raidas, urged the students to generate fervor towards Indian cultural traditions and languages. Teachers and students from other departments including language department joined in events throughout the week , thus presenting the linguistic diversity in the college. Sanskrit is the most powerful binding force which ties various languages in an unbreakable thread of unity.





हमीदिया महा. में संस्कृत सप्ताह का समापन

## संस्कृत भाषा ही नहीं बल्कि हमारी पहचान व अस्मिता भी

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

भोपाल ♦ संस्कृत केवल भाषा ही नहीं बल्कि संस्कृति, धर्म, वैज्ञानिकता और भारतीयता की पहचान है। हजारों वर्षों के बाद भी संस्कृत ने हमारी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाने का कार्य किया है।

यह विचार शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित संस्कृत सप्ताह के समापन अवसर पर विभागाध्यक्ष वाणिज्य डॉ. पुष्पलता चौकसे ने व्यक्त किए। अध्यक्षता कर रहे चित्रकला विभाग के अध्यक्ष और वरिष्ठ चित्रकार डॉ.आलोक भावसार ने कहा कि संस्कृत लोक कल्याण की भाषा है।

30/08/2019 New students Welcome! Professors reminded them of the rich cultural and linguistic heritage of the country and contributions made by our seers in the past. Today's young generation can immensely contribute to preserve the noble deeds of our ancestors and carry the legacy forward.





## Youth Parliament, 2019

80 students participated, expressed views - Terrorism has no Human Values, World Community should not be sympathetic towards Terrorists. Respect for human life and respect for human dignity are values shared by all cultures and religions.


नवदुनिया लाइव

भोपाल, मंगलवार 29 जनवरी 2019 www.naidunia.com


# आतंकवादियों में मानवीय संवेदनाएं नहीं, कोई राष्ट्र न करे उनकी पैरवी

### हमीदिया कॉलेज में जिला युवा संसद, युवाओं ने रखे अपने विचार

**भोपाल। नवदुनिया रिपोर्टर**

आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है। यह तब तक खत्म नहीं होगी जब तक सभी देश एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ खड़े नहीं होंगे। युवा प्रतिभागियों ने कुछ ऐसे ही विचार व्यक्त कर देश के गंभीर मुद्दों पर अपनी राय रखी। राष्ट्र निर्माण एवं नीति निर्धारण में युवाओं की भूमिका सुनिश्चित करने के उद्देश्य से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में जिला युवा संसद 2019 का आयोजन किया गया। इसमें भोपाल जिले के 80 युवाओं ने सहभागिता की। प्रतिभागियों ने जलवायु परिवर्तन एवं आर्थिक अपराधियों के खिलाफ आख्यान तथा खेलो इंडिया: उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए एक द्वार विषय पर अपनी बात रखी। जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ पांच वक्ताओं का चयन किया गया। कार्यक्रम में पहले स्थान पर आए सुनील कुमार साहू ने कहा कि आतंकवाद वैश्विक समस्या बन चुकी है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार इस बात पर विचार करे कि आतंकवादी मानव नहीं दानव होते हैं। उनमें मानवीय संवेदनाएं नहीं होती इसलिए उनकी पैरवी और मदद बिल्कुल न की जाए।




हमीदिया कॉलेज में युवा संसद-2019 का संचालन करते स्टूडेंट्स।

### होगी खेल भावना विकसित

प्रतिभागी आशुतोष मालवीय ने कहा कि खेलो इंडिया के माध्यम से बच्चों में खेल भावना विकसित होगी। जो लड़कियां खेल मैदान में प्रतिद्वंदी को चित कर सकती हैं वे वक्त पड़ने पर मनचले को भी पछाड़ सकतीं हैं। खेलो इंडिया पूत के पांव पालने में कहावत को चरितार्थ कर रहा है। भवानी प्रताप ने कहा कि जलवायु परिवर्तन होने से मानव के साथ-साथ भौगोलिक परिवर्तन व जीव जंतुओं पर भी असर पड़ रहा है।

### यह बने विजेता

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य आयकर आयुक्त डॉ. आरके पालीवाल, राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. आरके विजय, युवा अधिकारी एवं प्रभारी क्षेत्रीय निदेशक नितिन शर्मा, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अनंत कुमार सक्सेना, प्राचार्य डॉ. पीके जैन, राहुल सिंह परिहार उपस्थित थे। प्रतियोगिता में दूसरा स्थान साक्षी कौरव को और तीसरा स्थान दीप्ति तोमर को मिला।

## Reminiscing the good old days

- The past glory , success, richness of culture and history shared by the Alumni in Old Boys Reunion, making the present students feel pride being in one of the oldest institutions of Madhya Pradesh. More than 200 Old boys from 1946 batch to 2018 batch gathered, sharing golden memories of pre independence era when the college was at Minto Hall  and was affiliated to Agra University.






# पहले मिंटो हॉल में होता था हमीदिया महाविद्यालय

## हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में पूर्व छात्र सम्मेलन में पुराने छात्रों ने सुनाए संस्मरण

**ALUMNI MEET**

सिटी रिपोर्टर . भोपाल

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में पूर्व छात्र सम्मेलन हुआ। इसमें साल 1946 से लेकर 2018 के बैच तक के 200 से अधिक पूर्व छात्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि 1946 बैच के छात्र एवं नगर निगम के पूर्व कमिश्नर देवी शरण सिंह भी उपस्थित रहे, उन्होंने कहा कि आजादी के पहले हमने कई चुनौतियों के बीच पढ़ाई की। पहले हमीदिया महाविद्यालय मिंटो हॉल में हुआ करता था। साल 1946 के पहले बैच के स्टूडेंट्स, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में वित्त अधिकारी रहे बृजमोहन गुप्ता ने कहा कि हम जब पढ़ते थे तब हमीदिया महाविद्यालय आगरा विश्वविद्यालय के अधीन आता था, जिस समय भारत आजाद नहीं हुआ था उन विपरीत परिस्थितियों में डेढ़ सौ से अधिक साथी हमीदिया महाविद्यालय में पढ़ते थे। साल 1950 में जब किसी भी दफ्तर में जाते थे, तो वहां हमीदिया का छात्र मिल जाता था। इस अवसर पर जीके श्रीवास्तव, महेश सिंह बुंदेला, सुनील सिंगई, विचित्र सेन, राजेश पाठक, आशीष सिंह, सुखलाल ठाकुर, राहुल सिंह परिहार सहित बड़ी संख्या में पूर्व छात्र उपस्थित रहें।

# To deliberate on the linguistic harmony, Hindi *Pakhwara*

**नवभारत**

2 भोपाल, रविवार, 17 सितम्बर, 2017

**एक नजर में**



## हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित हुईं प्रतियोगित

शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल की राष्ट्
सेवा योजना इकाई के अंतर्गत 16 सितंबर को प्रश्न मंच एवं काव्य प
प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें लगभग 150 छात्रों ने सहभागि
की . प्रश्न मंच में राहुल तिवारी, उमेश पंसारी, भवानी ठाकुर, धर्मेंद्र पटे
दानिश शिवम शाक्य, घासीराम विजेता रहे . वहीं काव्य पाठ में दानि
खान, भवानी ठाकुर, शुभम चौहान, राहुल तिवारी, विजेता रहे . इ
अवसर पर प्राचार्य डॉ. पीके जैन कार्यक्रम अधिकारी डॉ . आरए
नरवरिया डॉ आरएपी शाक्य ने छात्रों को संबोधित किया कहा कि प्रत्येक
छात्र को अपने हस्ताक्षर हिंदी में करनी चाहिए और दैनिक जीवन में संवाद
की भाषा हिंदी होना चाहिए हिंदी में जो अभिव्यक्ति होगी वह हमारी
अभिव्यक्ति होगी

---

पत्रिका भोपाल . बुधवार . 04.10.2017

**पत्रिका**

citylive 14 screen play 16

## हिन्दी के प्रति नहीं बदली पाई है समाज की मानसिकता

भोपाल ● हमारी मातृभाषा हिंदी होते हुए भी हम अंग्रेजी को ज्यादा अच्छा मानते हैं। हिंदी बोलने वाले को दोयम दर्जे पर रखते हैं आज यही आम भारतीय की मानसिकता हो गई है। एक समय था जब अंग्रेजों ने हिंदुस्तान को राजनीतिक रूप से गुलाम बनाया था। आज अंग्रेजी हमें वैचारिक रूप से गुलाम बनाए हुए हैं। यह कितने शर्म की बात है कि अपने ही देश में हिंदी गुलामी की जंजीरों में जकड़ी हुई है। यह बातें 'मूषक ऐप' के अनुराग गौड़ ने शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में हिंदी भाषा पर आयोजित सेमिनार में कहीं। साथ ही वरिष्ठ राजनीतिक



विश्लेषक कृष्ण मोहन झा, डॉ. आरएस नरवरिया, डॉ. आरपी शाक्य, डॉ. मृदुला निगम, डॉ. धर्मेंद्र पारे ने भी विचार रखे। संचालन शुभम चौहान और आभार गब्बर सिंह ने व्यक्त किया। वहीं, महात्मा गांधी की जयंती पर एनएसएस कार्यकताओं ने श्रमदान किया।

---

**पीपुल्स समाचार** भोपाल, बुधवार 4 अक्टूबर 2017



## 'आजाद देश में अभी भी गुलाम बनी हुई है हिंदी'

हमीदिया कॉलेज में हिंदी भाषा पर सेमिनार आयोजित

यंग रिपोर्टर ● भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

मारी मातृभाषा हिंदी होते हुए भी ंजी को ज्यादा अच्छा मानते हैं हिंदी बोलने वाले को दोयम दर्जे पर रखते हैं। अंग्रेजी हमें वैचारिक रूप से गुलाम बनाए हुए हैं। यह बातें अनुराग और संस्थापक 'मूषक एप' ने शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में हिंदी भाषा पर आयोजित सेमिनार में कहीं। साथ ही वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक कृष्ण मोहन झा, डॉ. आरएस नरवरिया, डॉ. आरपी शाक्य, डॉ. मृदुला निगम, प्राध्यापक हिंदी विभाग डॉ. धर्मेंद्र पारे इत्यादि ने भी विचार रखें। गांधी जयंती 2 अक्टूबर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीके जैन व मुख्य अतिथि अनुराग गौड़ के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक कौन है महाविद्यालय परिसर में श्रमदान ही किया तथा स्वच्छता ही सेवा की शपथ भी ली। कार्यक्रम का संचालन शुभम चौहान तथा आभार गब्बर सिंह ने व्यक्त किया।








## Induction Programme 2019-20

Faculty members briefing newly admitted students about the Code of Conduct & Ethics, Anti Ragging & Discipline Committee, Literary & Cultural Committee, Scholarships, Internal assessment, curriculum, facilities, NCC, NSS, Sports, Library & Sports, Career & Placement Training and events, etc.

# International Youth Day: 25/01/2018



- Rally by Students from diverse backgrounds under the aegis of NSS in *Hinautiya Sarak*; focus – cleanliness, while learning from village life. Youth came together, engaged in activities related to their diverse needs and interests. The hopes of the world rest on young people. Peace, economic dynamism, social justice, tolerance — depends on tapping into the power of youth.